# बुंदेलखंड में 56,662 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार

**विकास**

- बीडा किसानों से लेगा 23,590 एकड़ भूमि
- बीईएमएल रुपये 600 करोड़ का करेगी निवेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) ने औद्योगिक क्षेत्र विस्तार के लिए 23,590 एकड़ भूमि के अधिग्रहण करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 56,662 एकड़ भूमि लेने की अनुमति दी गई है। राज्य सरकार बुंदेलखंड को निवेश, रोजगार और औद्योगिक अवसरों का नया केंद्र बनाएगी।

सरकार का प्रयास है कि बुंदेलखंड केवल कच्चे संसाधनों का क्षेत्र न रहे, बल्कि विनिर्माण, लाजिस्टिक्स व औद्योगिक उत्पादन का मजबूत हब बने। इसके लिए बीडा क्षेत्र में भारी उद्योग, रक्षा उत्पादन, लाजिस्टिक्स, एमएसएमई व सहायक इकाइयों के लिए एकीकृत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। सड़क, बिजली, जलापूर्ति, औद्योगिक भूखंड, वेयरहाउसिंग और कनेक्टिविटी जैसी आधारभूत सुविधाएं दी जा रही है।

भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड ने बीडा क्षेत्र में लगभग ₹600 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस निवेश के तहत भारी मशीनरी, रक्षा उपकरण और औद्योगिक उत्पादों के निर्माण की इकाइयां स्थापित की जाएंगी। स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। बीडा क्षेत्र में 100 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक मल्टी-माडल लाजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण कंटेनर कार्पोरेशन आफ इंडिया (कानकोर) द्वारा किया जाएगा। लाजिस्टिक्स पार्क सड़क और रेल नेटवर्क को जोड़ते हुए माल परिवहन को सुगम बनाएगा।

## सहायक उद्योगों को जोड़ने की तैयारी

बीडा के क्षेत्र में बड़े उद्योगों के साथ एमएसएमई, स्टार्टअप्स और सहायक उद्योगों को भी जोड़ने की तैयारी है, ताकि स्थानीय उद्यमियों को बेहतर अवसर मिल सके। बीडा परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र में हजारों युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। सरकार का लक्ष्य बुंदेलखंड को आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के माडल के रूप में विकसित करने का है।